Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7434	31.05.2023	01.06.2023	Aurangabad Bihar	www.zeenews.india.com/Hindi https://zeenews.india.com/hindi/india/bihar-jharkhand/crime/food-poisoning-in-wedding-half-dozen-people-ill-due-to-eat-gulab-jamun-in-aurangabad/1718276
Title:	**Half dozen people ill after eating gulab jamun in Aurangabad, Bihar**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Aurangabad, SSU- Bihar			

रात का बचा हुआ खाना (बासी खाना) कितना खतरनाक साबित हो सकता है इसकी एक बानगी बिहार के औरंगाबाद में देखने को मिली. औरंगाबाद जिले के बंदेया थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए लगभग डेढ़ दर्जन लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए. दरअसल, दुल्हन के बिदा होने के बाद घर में मौजूद रिश्तेदारों ने बचे हुए गुलाब जामुन खा लिया था. जिससे उनकी तबियत खराब हो गई.
बीमार लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं. सबकी अचानक तबियत बिगड़ने से उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती करना पड़ा. फिलहाल सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, सोमवार (29 मई) को बंदेया थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी दशरथ यादव की बेटी की बारात आई थी. शादी अच्छी तरह से संपन्न हो गई लेकिन बेटी की बिदाई के बाद माहौल खराब हो गया.

घर में मौजूद मेहमान अचानक से बीमार होने लगे. सभी को उल्टी और दस्त होना शुरू हो गया. आधे घंटे के भीतर लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चे, महिलाएं और पुरुष बीमार हो गए. सभी की तबियत खराब होने लगी. सभी ने शादी में बचे हुए गुलाब जामुन खाए थे. आनन-फानन में सभी को अस्पताल पहुंचाया गया. जहां उनका इलाज किया गया. इलाज के बाद सभी की हालत सही हुई.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1